
# अफगानिस्तान पर पाकिस्तान–चीन की चाल को नाकाम करेगा भारत

मंसूबे फेल

## पाकिस्तान ने भारत को अलग–थलग करने के लिए पूरी ताकत लगाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
काबुल। अफगानिस्तान में तालिबान राज आने के बाद पाकिस्तान और चीनी ड्रैगन ने भारत को अलग–थलग करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी। भारत के दोनों ही दुश्मनों को शुरुआत में थोड़ी बढ़त मिली लेकिन अब भारत ने पलटवार की पूरी तैयारी कर ली है। विशेषज्ञों के मुताबिक अफगानिस्तान मसले पर भारत अब रूस के सहारे आगे बढ़ने जा रहा है जो नई दिल्ली का पुराना घनिष्ठ मित्र है। भारत अफगानिस्तान पर एक क्षेत्रीय सम्मेलन करने जा रहा है। इस बैठक में ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, रूस के हिस्सा लेने की उम्मीद है, वहीं पाकिस्तान के एनएसए ने भारत यात्रा से इनकार कर दिया है।

रूस में भारत के राजदूत बाला वेंकटेश वर्मा को उम्मीद है कि इस बैठक में रूसी सुरक्षा परिषद काउंसिल के प्रमुख निकोलई पत्रुशेव हिस्सा लेंगे। रूस, ताजिकिस्तान



और उज्बेकिस्तान का भारत के आमंत्रण को स्वीकार करना, चारों के बीच अच्छे रिश्तों का संकेत है। अमेरिका के साथ गहरी दोस्ती के कारण भारत तालिबान राज में अलग–थलग पड़ता जा रहा था। रूस अब भारत की मदद करने के लिए आगे आया है। भारत रूस के हथियारों का बड़ा खरीदार है और पुतिन अगले महीने भारत आ रहे हैं।

**एस-500 मिसाइल डिफेंस सिस्टम को देने का प्रस्ताव:** पुतिन की भारत यात्रा के दौरान कई रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर हो सकता है। अमेरिका के प्रतिबंधों के खतरे के बाद भी भारत रूस से एस–400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीद रहा है।

विशेषज्ञों के मुताबिक अगर रूस भारत की चीन के खिलाफ खड़ा होने में मदद कर रहा है तो इससे ड्रैगन के साथ उसके रिश्तों में कुछ तनाव आ सकता है। यही नहीं रूस ने भारत को अपने सबसे आधुनिक एस–500 मिसाइल डिफेंस सिस्टम को देने का प्रस्ताव दिया है। रूस जहां अपने सबसे घातक हथियारों को दे रहा है, वहीं अमेरिका अभी इसे परहेज कर रहा है। रूस ने मध्य एशिया में अमेरिकी सेनाओं की किसी भी तरह से उपस्थिति को सफलतापूर्वक रोक दिया है। यह रूस का एक सख्त रूख है। वहीं विशेषज्ञ यह भी कहते हैं कि यदि तालिबान की सरकार गिरती है या देश में गृहयुद्ध की आंच में फिर से सुलगता है तो इस इलाके में रूस एक गंभीर खिलाड़ी हो सकता है। इसलिए भारत रूस के साथ– साथ अन्य मध्य एशियाई देशों के साथ संपर्क में बना हुआ है।

**पाकिस्तान ने भारत पर साधा निशाना, सम्मेलन में नहीं लेगा हिस्साः** अफगानिस्तान मुद्दे पर पाकिस्तान चीन की मदद से भारत को अलग–थलग करने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यहां तक कह दिया था कि अफगानिस्तान के मुद्दे पर सम्मेलन करके भारत इस मुद्दे पर अपनी प्रासंगिकता तलाश करने की कोशिश कर रहा है।

## न्यूज डायरी



### पाक में पेट्रोल से भी महंगी हुई चीनी, इमरान खान के दावे की निकली हवा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में महंगाई लगातार अपने रेकॉर्ड कायम कर रही है और जनता बेहाल है। इमरान खान सरकार के तमाम दावों के बाद भी पाकिस्तान में आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। हालत यह हो गई कि देश में चीनी की कीमतें आसमान छू रही हैं और पेट्रोल से ज्यादा हो गई हैं। पाकिस्तान में चीनी जहां 150 रुपये प्रति किलो बिक रही है, वहीं एक लीटर पेट्रोल 138.30 रुपये में बिक रहा है। पाकिस्तानी अखबार जिओ न्यूज के मुताबिक देश के कई शहरों में चीनी की कीमतें अब पेट्रोल से ज्यादा हो गई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान के पेशावर शहर में चीनी की कीमतें 8 रुपये प्रति किलो बढ़ गई हैं। यहां चीनी थोक में 140 रुपये प्रति किलो बिक रहा है जबकि खुदरा मूल्य 150 रुपये प्रति किलो हो गया है। उधर, लाहौर में चीनी की जमाखोरी भी शुरू हो गई है और ज्यादा कमाई के लिए चीनी की कृत्रिम कमी कर दी गई है।

### सिंध प्रांत में 7 लाख से ज्यादा कोरोना वैक्सीन डोज हुई बर्बाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। कोरोना वैक्सीन जहां कई देशों तक पहुंच भी नहीं पा रही है वहीं पाकिस्तान में वैक्सीन के बर्बाद होने की खबर सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, यहां पर स्थित सिंध प्रांत में वैक्सीन प्रबंधन ठीक प्रकार से नहीं हुआ। इसके साथ ही कोरोना के टीके के रखरखाव पर भी ध्यान नहीं दिया गया। जिसके चलते इतनी संख्या में वैक्सीन बर्बाद हुई है। कम से कम 7,60,935 कोरोना खुराक बर्बाद हो गई है। स्थानीय मीडिया ने इसकी जानकारी दी है। डब्लूएचओ के मापदंडों के मुताबिक, केवल 2 फीसद कोरोना वैक्सीन की बर्बादी स्वीकार्य है। रिपोर्ट में बताया गया कि पाकिस्तान में बर्बाद हुई कोरोना वैक्सीन इन मापदंडों को पार गई है। सिनोवैक की 220,675 खुराक, सिनोफार्म की 170,675 खुराक, एकल खुराक पाकवैक की 70,876 खुराक, एस्ट्राजेनेका की 23,096 खुराक, मॉडर्न की 10,675 खुराक, फाइजर की 10,178 खुराक और स्पुतनिक की 85 खुराक बर्बाद हो गई।

### दक्षिण एशिया के लोगों के लिए ज्यादा प्राणघातक है कोरोना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। कोरोना वायरस संक्रमण का खतरा अभी तक दुनियाभर के लोगों पर मंडरा रहा है। अब एक नए शोध में यह सामने आया है कि दक्षिण एशियाई लोगों में एक ऐसा जीन होता है, जो फेफड़ों के खराब होने और कोरोना वायरस से संक्रमण की स्थिति में खतरे को काफी बढ़ा देता है। इस जीन की वजह से दक्षिण एशियाई लोगों में कोरोना संक्रमण से मौत की दर में इजाफा होता है। आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा किए गए इस शोध दक्षिण एशियाई लोगों को कोविड–19 से अतिरिक्त सतर्क होने के लिए चेताया है। शोध में पाया गया है कि एलजेडटीएफएल–1 जीन वायरल इन्फेक्शन होने पर फेफड़ों की जवाबी क्षमता में बदलाव कर देता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि अब तक हुई रिसर्च में यह सबसे महत्वपूर्ण जेनेटिक रिस्क फैक्टर है।

### भारत की भूमिका का आरोप लगाते हुए पूर्व मंत्री ने एफएटीएफ को लिखा पत्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व गृह मंत्री रहमान मलिक ने एफएटीएफ के अध्यक्ष मार्कस प्लेयर को पत्र लिखकर पाकिस्तान को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में रखने में भारत की भूमिका की जांच की मांग की है। डान ने रिपोर्ट किया, उन्होंने प्रधानमंत्री इमरान खान को एक पत्र भी लिखा है जिसमें उनसे एफएटीएफ के भेदभाव और पाकिस्तान के लगातार उत्पीड़न के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में याचिका दायर करने का आग्रह किया गया है। एफएटीएफ अध्यक्ष को लिखे अपने पत्र में, मलिक, जो इंस्टीट्यूट आफ रिसर्च एंड रिफार्म्स के अध्यक्ष भी हैं, ने सच्चाई को उजागर करने के लिए एफएटीएफ की एक विशेष टीम द्वारा भारतीय विदेश मंत्री के इकबालिया बयान की जांच करने का आह्वान किया। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में रखने के पीछे भारत का हाथ है।

## ब्रिटेन की महारानी ने भूत देखने का किया दावा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन की महारानी क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय अपने महल में भूत देखकर डर गई थीं और उन्होंने इस खौफनाक रात के बारे में अपने अनुभवों को बयां किया है। महारानी ने दावा किया कि वह विंडसर कैसल में थीं और उसी दौरान उन्होंने तथा राजकुमारी मार्गरेट ने पूर्व महारानी एलिजाबेथ प्रथम के भूत को देखा था। यह भूत महल में लाइब्रेरी के पास घूम रहा था। महारानी के महल के बारे में कई लोगों का मानना है कि यहां पर पूर्व राजाओं और रानियों के भूत देखे गए हैं। इनकी तादाद करीब 25 तक हो सकती है। ये भूत महल की दीवारों में छिपे हुए हैं। ट्रेवेल वेबसाइट विजिट ब्रिटेन के मुताबिक महारानी और राजकुमारी मार्गरेट ने पूर्व महारानी एलिजाबेथ प्रथम के भूत को देखने का दावा किया। उन्होंने बताया कि यह अध्ययन कक्ष के आसपास घूम रहा था। इस भूत के कदमों की आहट उसके आने से पहले सुनाई दे रही थी। महल के अंदर भूतों पर किताब लिखने वाले रिचर्ड जोन्स ने एक सुरक्षाकर्मी का अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि महारानी एलिजाबेथ प्रथम के भूत को लाइब्रेरी के बाहरी कमरे में देखा गया था। किंग जॉर्ज तृतीय के भूत को भी विंडसर कैसल में कई बार देखे जाने का दावा किया गया है।



सॉफ्ट पावर में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश बना जर्मनी, भारत को झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। दुनियाभर के पर्यटकों का पसंदीदा ठिकाना बनने का सपना देख रहे भारत को बड़ा झटका लगा है। अंतरराष्ट्रीय सॉफ्ट पावर के मामले में भारत 6 पायदान पीछे चला गया है। जर्मनी लगातार पांचवें साल दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश बना हुआ है, वहीं भारत के धुर विरोधी चीन ने 4 स्थान की छलांग लगाई है। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद से हटने के बाद अमेरिका ने दो स्थान की बढ़त दर्ज की है। भारत को 60 देशों के इंडेक्स में 40वां और चीन को 31वां स्थान मिला है। दरअसल, हर साल नेशन ब्रांड इंडेक्स के जरिए प्रशासन, मित्रतापूर्ण व्यवहार, संस्कृति और जीवन की गुणवत्ता के आधार जैसे 6 मानकों के आधार पर 60 देशों का मूल्यांकन किया जाता है।

## साउथ चाइना सी में पहाड़ से टकरा दी परमाणु पनडुब्बी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिकी नौसेना ने दक्षिण चीन सागर में पिछले महीने पानी के नीचे चट्टान से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त हुई पनडुब्बी के दो वरिष्ठ अधिकारियों को निष्कासित कर दिया है। इसके अलावा कार्यकारी अधिकारी और कमांडर के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में सूचीबद्ध एक नाविक को भी उसके पद से हटा दिया गया है। यह कार्रवाई जापान में स्थित अमेरिकी 'सेवंथ फ्लीट' के कमांडर वाइस एडमिरल कार्ल थॉमस ने की।

'सेवंथ फ्लीट' के बयान में कहा गया, 'थॉमस का मानना है कि विवेक से निर्णय लेकर और नौवहन

**अमेरिकी नौसेना ने अपने दो अधिकारियों को किया बर्खास्त**

योजना, निगरानी दल के कार्य निष्पादन और जोखिम प्रबंधन के दौरान आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन करके हादसे को रोका जा सकता था।' बयान में बताया गया है कि थॉमस ने कमांडिंग ऑफिसर के पद से कमांडर कैमरून अलजिलानी, कार्यकारी अधिकारी के पद से लेफ्टिनेंट कमांडर पैट्रिक कैशिन और पोत प्रमुख के पद से मास्टर चीफ सोनार तकनीशियन कोरी रॉजर्स को सेवामुक्त कर दिया है।

**यूएसएस कनेक्टिकट पानी के नीचे चट्टान से टकराईः** पोत प्रमुख कार्यकारी अधिकारी और कमांडर के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में सूचीबद्ध है। नौसेना ने अभी तक सार्वजनिक रूप से यह नहीं बताया है कि यूएसएस कनेक्टिकट पानी के नीचे चट्टान से कैसे टकराई और इससे पोत को कितना नुकसान हुआ। नौसेना ने बताया था कि पनडुब्बी का परमाणु रिएक्टर और उसकी प्रणोदन प्रणाली क्षतिग्रस्त नहीं हुई है। टक्कर से चालक दल के सदस्यों को मामूली चोटें आईं। पनडुब्बी के समुद्र के नीचे एक चट्टान से टकराने की सबसे पहले खबर देने वाली 'यूएसएनआई न्यूज' ने बताया कि पनडुब्बी के आगे के हिस्से को पहुंचे नुकसान से उसका बैलेस्ट टैंक क्षतिग्रस्त हो गया है। यह घटना दो अक्टूबर की है लेकिन नौसेना ने पांच दिन बाद इसकी जानकारी दी थी।

## सिंध के मुख्यमंत्री ने दीपावली पर दी हिंदुओं को होली की बधाई, उड़ा मजाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। प्रकाशपर्व दीपावली का त्योहार पूरी दुनिया में हिंदुओं और अन्य धर्म के लोगों ने गुरुवार को पूरे धूमधाम से मनाया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से लेकर दुनिया के कई दिग्गज नेताओं ने दीपावली की बधाई दी। इस दौरान पाकिस्तान के सबसे ज्यादा हिंदू आबादी वाले प्रांत सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह दीपावली पर होली की बधाई देकर बुरी तरह से घिर गए। बाद में उन्हें अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने अपनी पोस्ट को डिलीट कर दिया। सिंध प्रांत के मुख्यमंत्री के ट्विटर अकाउंट से होली की बधाई देने वाला संदेश पोस्ट किया गया।
इस पोस्ट में सिंध के सीएम मुराद अली की तस्वीर दिखाई दे रही थी और उस पर होली की बधाई लिखा था। इसके बाद सिंध के सीएम ट्विटर पर बुरी तरह से ट्रोल होना शुरू हो गए। बड़ी संख्या में लोगों ने पाकिस्तानी प्रांत के सीएम की लापरवाही पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। इसके बाद मुराद अली और उनकी टीम को गलती का अहसास हुआ और उन्होंने पोस्ट को डिलीट कर दिया।